Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to open branches of State Bank of India at Sareela and Muskara in Hamirpur Parliamentary Constituency and Karbai in Mahoba district of Uttar Pradesh.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर जनपद की नवनिर्मित तहसील सरीला एवं बड़े कस्बे मुस्करा तथा कबरई (जनपद महोबा) में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा न होने के कारण यहां के व्यापारी वर्ग एवं अन्य लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त सभी शहरों की आबादी लगभग 20 से 30 हजार है। साथ ही उक्त कस्बों में मण्डी स्थित होने के कारण बड़े स्तर पर व्यापारियों को बैंकों के साथ सभी प्रकार का कारोबार करना पड़ता है। व्यापारियों, बड़े किसानों एवं अन्य लोगों को अपना पैसा जमा कराने, निकालने एवं अन्य कार्यों हेतु अपने कस्बों से 50-60 किलोमीटर दूर हमीरपुर अथवा महोबा जाना पड़ता है, जिस कारण उनके साथ लूट की घटनाएं घटने का भय बना रहता है। विगत में इस तरह की अनेक घटनाएं व्यापारियों के साथ घट चुकी हैं। ज्ञातव्य है कि देश के अधिकांश बड़े स्थानों पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं हैं तथा जनता की मांग भी इसी बैंक की शाखाएं अपने शहर में खुलवाने की है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में सरीला एवं मुस्करा तथा महोबा जनपद में कबरई में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा खोलने हेतु संबंधित अधिकारियों को निदेश देने का कट करें ताकि व्यापारी वर्ग के साथ-साथ क्षेत्र की जनता भी इसका लाभ उठा सके।